Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**MOM of Committee of Management**
**Date: 03.08.2025**
**Place: 45C, Patliputra Colony Patna-800013**
**Time: 02:00 PM onwards**
**Attendance: As per Register.**

**Agenda-1:** To Discuss and decide the preparation for upcoming Season including Hosting the BCCI matches and participation of BCA Teams in Board Tournaments

आसन द्वारा इस सन्दर्भ में जानकारी देने हेतु वरीय जीएम प्रशासन को आदेश दिया, जीएम प्रशासन ने माननीय सदस्यों को जानकारी दिया कि दिनांक 22 जुलाई,2025 को एक्सप्रेशन ऑफ़ इंटरेस्ट वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था जिसमे निउर्धरित 30 जुलाई,2025 तक कुल 13 वेंडर्स का आवेदन प्राप्त हुआ है। पूर्व के बैठकों में इस सम्बन्ध में लिए गए निर्णय के अनुपालन में इस सत्र हेतु भी "पिछले दर के आधार पर पूर्व से नियुक्त वेंडर्स से कार्य कराने" हेतु सहमती प्राप्त करने की कारवाई की जा रही है तथा कुछ आवश्यक कार्य जैसे मैदान के रख-रखाव का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस सन्दर्भ में 2-3 बैठक कर आवश्यक सभी कार्यों का वर्गीकरण भी कर लिया गया है। बोर्ड मैच हेतु टीमों के एयर टिकेट एवं आवासन की बुकिंग के लिए एडवांस के तौर पर पूर्व से नियुक्त वेंडर को अधिकतम 1 करोड़ 10 लाख तक अग्रिम के रूप में देने और बिल के विरुद्ध अग्रिम के रकम को समायोजित करने का निर्णय लिया गया।
बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्देश दिया कि बीसीसीआई के मैच/टूर्नामेंट के निमित्त प्रेषित गाइडलाइन्स एवं स्तर को कायम रखते हुए तथा समय की प्रतिबद्धता के साथ उच्च स्तरीय गुणवत्ता का भी हमेशा ख्याल रखा जाये और यह कोशीश की जाये कि सभी वेंडर्स पिछले वर्ष के अनुशंसित दर पर ही कार्यदिश प्राप्त करें। नए वेंडर्स को भी विवेकानुसार कार्यदिश जारी किया जा सकता है, लेकिन, पिछले वर्ष के अनुशंसित दर पर ही बीसीसीआई के मैच/टूर्नामेंट के निमित्त प्रेषित गाइडलाइन्स एवं स्तर को कायम रखते हुए तथा समय की प्रतिबद्धता के साथ उच्च स्तरीय गुणवत्ता कायम रहेगा।
कार्यदिश जारी करने हेतु सचिव महोदय, सीईओ , सीनियर जीएम (प्रशासन) एवं जीएम (लेखा) की समिति को अधिकृत किया गया।

**BIHAR CRICKET ASSOCIATION**
45/C, Patliputra Colony, Patna- 800013, Bihar, India. Ph. : 0612-3180395, Website : www.biharcricketassociation

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**Agenda-2:** To Discuss and decide about the Proposed Budget

बोर्ड मैच के आयोजन हेतु ग्राउंड,पिच,स्टेडियम,मशीन एवं उपकरण इत्यादि के लिए उपस्थापित / प्रस्तावित डेढ़ करोड़ के बजट के विरुद्ध उपस्थित सदस्यों ने विचारोपरांत कुल एक करोड़ के औपबंधिक बजट को स्वीकृती प्रदान की।

**Agenda-3:** To take up the matter in regard to the registration/conversion with ROC

सदन में उपस्थित सदस्यों ने ROC में कन्वर्शन हेतु संतोष कुमार एसोसिएट्स के पार्टनर श्री मंजय कुमार के द्वारा प्रस्तावित मसौदे/ को स्वीकृति दी और सीईओ को निर्देशित किया कि इस सन्दर्भ में पूर्व के निर्देश का अनुपालन करते हुए इस प्रस्तावना/ निर्णय को भी अनुलग्नक के रूप में अंकित /सम्मिलित माना जाये।

**Agenda-4**: To discuss and decide regarding Appointment/Renewal of Vendors for the same

बैठक के एजेंडा-1 में इस एजेंडा के सन्दर्भ में लिए गए गए निर्णय ही स्वीकृत किये गए।

**Agenda-5:** Any other matter with the permission of the Chair

(A) सीईओ मनीष राज ने चुनाव अधिकारी डॉ एम. मोदास्सिर सहित उनके सहायक अधिकारी के आगमन, प्रस्थान , आवासन, भोजन, लोकल ट्रांसपोर्ट इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी दी और सदस्यों को आश्वस्त किया कि इस सम्बन्ध सभी आवश्यक निर्देशों का उनके द्वारा ससमय अनुपालन किया जा रहा है

विचारार्थ कोई प्रस्ताव नहीं रहने के कारण आसन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा की कारवाई के समाप्त होने की घोषणा की गयी

Rajesh Kumar Tiwary